# भाजपा सांसद के कुत्सित बयान के खिलाफ सड़कों पर उतरी कांग्रेस, चेताया भाषा की मर्यादा न लांघें



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में दिन प्रतिदिन बिगड़ती कानून व्यवस्था, जिला मुख्यालय से लेकर ब्लॉक मुख्यालय और गांव-गांव में बढ़ते अपराध, बेखौफ घूमते रेत माफिया, शराब माफिया व भूमि माफिया लगातार अपराध को अंजाम दे रहे है। सत्ता के संरक्षण में गुंडाराज पनप रहा है, जो शांतिप्रिय जिले की आबोहवा में अपराध का जहर खोल रही है। जिला कांग्रेस आदिवासी विभाग के जिलाध्यक्ष रामनारायाण परतेती पर जानलेवा हमला किया गया।

देश के सर्वमान्य नेता म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के द्वारा जब बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए और वर्दी की इज्जत करने की बात हर्रई टी.आई. से कही, क्योंकि लम्बे समय से हर्रई टी.आई. के द्वारा क्षेत्र के गरीब व पीड़ित आदिवासियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। जब आदिवासी अपनी शिकायत लेकर पुलिस थाना तक पहुंचते हैं तो वहां उनकी शिकायत सुनने की बजाए टी.आई. के द्वारा उन्हें डराया व धमकाया जाता है। कमलनाथ ने आदिवासियों की सुरक्षा व उनके हितों को सुरक्षित रखने थाना प्रभारी को समझाइश दी तो छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र के भाजपा सांसद के द्वारा बयान दिया गया कि वे पुलिस से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की धुलाई कराएंगे।


भाजपा सांसद की जुबान से गुंडागर्दी वाले शब्द अपराध को बढ़ावा देने वाले हैं। भाजपा सांसद के कुत्सित बयान के खिलाफ कांग्रेस ने सड़क पर उतकर उग्र प्रदर्शन कर पुलिस लाइन कंट्रोल रूम पहुंचकर ज्ञापन प्रस्तुत किया और भाजपा सांसद को खुले व संयमित शब्दों में चेताया कि भाषा की मर्यादा को ना लांघे। राजीव कांग्रेस भवन से रैली के रूप में निकले कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हाथों में कांग्रेस का झंडा लेकर भाजपा सरकार और भाजपा के सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस के द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि अपराध रोकना व कानून व्यवस्था को स्थापित करना पुलिस की नैतिक जिम्मेदारी है। पुलिस पूर्ण निष्ठा व निष्पक्षता के साथ अपना कर्तव्य पूरा करें ताकि जिले में कानून व्यवस्था व शांति का माहौल बना रहे। कांग्रेस ने अपने ज्ञापन में कहा कि गत दिवस भाजपा सांसद के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी की पुलिस से धुलाई करने वाला जो बयान दिया है वह अपने.आप में अपराध को बढ़ावा देने वाला है।

अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के हर्रई विकासखण्ड में जिला कांग्रेस आदिवासी विभाग के जिलाध्यक्ष रामनारायण परतेती पर रेत माफियाओं व सत्ता से जुड़े लोगों के द्वारा जानलेवा हमला किया जाना बेहद निंदनीय है। आदिवासी नेता पर हमले की शिकायत पुलिस थाना में की गई, किन्तु कोई कार्रवाई नहीं हुई। उक्त प्रकरण व जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर कमलनाथ ने सवाल उठाए तो भाजपा के सांसद ने पुलिस से धुलाई करने का बयान देकर यह साबित कर दिया कि भाजपा जिले में कानून व्यवस्था को अपने हाथ में लेकर बिगाड़ना चाहती है।

भाजपा सांसद का बयान पूरी तरह से आपराधिक है, क्योंकि वे अपने पद व कद से उठकर जिन शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं वह सांसद जैसे गरिमामयी पद के अनुरूप नहीं है।

# अष्टानिका महापर्व पर होगा श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान गोलगंज जिनालय में



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के जिनशासन सेवक अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में आगामी फाल्गुन शुक्ल अष्टमी 6 मार्च से फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा 14 मार्च तक शाश्वत महापर्व अष्टान्हिका की मंगल आराधना कर विविध अनुष्ठानों में हिस्सा लेगा।

फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव को लेकर स्वाध्याय भवन में मंडल एवं फेडरेशन की विशेष बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्व सम्मति से मंगल महोत्सव को भक्ति भाव पूर्वक मनाने का निर्माण किया गया।

इसमें श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन तीर्थधाम मंगलयातन अलीगढ़ से पधार रहे जैनदर्शन के प्रकांड विद्वान पंडित अशोक कुमार लुहाड़िया एवं भजन गायक मंगलार्थी पंडित समकित शास्त्री सहित स्थानीय विद्वानों के मंगल सानिध्य में किया जावेगा।

इसका शुभारंभ फाल्गुन शुक्ल अष्टमी गुरुवार 6 अप्रैल को प्रात: 6:50 बजे श्री जिनबिम्ब प्रक्षालन से होगा पश्चात 7:15 से श्री देव-शास्त्र-गुरु पूजन 7:45 से मंगल कलश एवं जिनवाणी स्थापना कर श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ होगा पश्चात 9:15 से मंगल प्रवचन एवं 10 बजे विधान की पूर्णता की जावेगी।

रात्रि 8:15 बजे से स्वाध्याय भवन में पंडित अशोक कुमार लुहाड़िया के प्रथम प्रवचन एवं 9 बजे से पंडित समकित शास्त्री के द्वितीय प्रवचन आयोजित होंगे जो आगामी 8 दिनों तक नियमित रूप से संचालित होंगे एवं फागुन शुक्ल पूर्णिमा 14 मार्च को विधान की पूर्णता कर वीतराग भवन में साधर्मी वात्सल्य का आयोजन किया जावेगा।

बैठक में मंडल एवं फेडरेशन महेंद्र जैन, अशोक वैभव, प्रमोद पाटनी, विमल जैन, चितरंजन जैन, प्रकाश अहिंसा, ऋषभ शास्त्री, दीपक राज जैन, सचिन जैन, आशीष कौशल, सुमित जैन, अतिशय जैन, समकित जैन ज्ञाता जैन।

## सार समाचार

# राज्य स्तरीय शिविर अमरकंटक के लिए पीजी कॉलेज के दो विद्यार्थी हुए रवाना




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत 2 मार्च से शुरू हो रहे सात दिवसीय राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के लिया प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा से पुरुष इकाई से स्वयंसेवक योगेश डेहरिया और महिला इकाई से आकांक्षा शुक्ला शिविर स्थल अमरकंटक के लिए शनिवार को रवाना हुए।

इस अवसार प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा ने महाविद्यालय का राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व कर महाविद्यालय का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी तथा पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. महेंद्र साहू, डॉ. मंशाराम उईके और महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि डोडानी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संकल्प विश्वकर्मा, शिवम उईके, भूमिका धुर्वे और अंशिका शिंगारे आदि ने शुभकामनाएं दी।

# शुगर पर आधुनिक जानकारी उपलब्ध कराएगा वैश्य महासम्मेलन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आगामी 27 अप्रैल 2025 को शुगर की बीमारी और उसके नवीनतम इलाज पद्धति पर एक दिवसीय सेमीनार आयोजित किया जाएगा जिसे मुंबई के सुप्रसिद्ध डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप गाड़गे संबोधित करेंगे व सदस्यों की शंकाओं का समाधान करेंगे। तदाशय की जानकारी देते हुए वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री विजय झांझरी ने बताया कि वे पिछले आठ वर्ष से डॉ. गाड़गे के संपर्क में हैं और उनकी आधुनिक इलाज पद्धति और समझाईश से अत्यंत प्रभावित होकर उनसे छिंदवाड़ा पधारकर एक सेमिनार के माध्यम से सदस्यों की डायबिटीज रोग के बारे में आधुनिकतम एवं विस्तृत जानकारी देने का अनुरोध करते रहे हैं। फलस्वरूप बमुश्किल आज डॉ. गाडगे ने उनके अनुरोध स्वीकार करते हुए आगामी 27 अप्रैल का एक दिन का समय दिया है। वे मुंबई से छिंदवाड़ा पधारकर डायबिटीज बीमारी पर व्याख्यान देंगे। वैश्य महासम्मेलन के सदस्यों ने नगर वासियों से प्रस्तावित सेमीनार का लाभ लेने की अपील की है।

# सांसद ने अधिवक्ता शांतनु शुक्ला को किया सम्मानित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजपाल चौक छिन्दवाड़ा निवासी अधिवक्ता किशोर शुक्ला के पुत्र शान्तनु शुक्ला ने प्रथम प्रयास में ही दोहरी सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने (जेआरएफ) असिस्टेंट प्रोफेसर या जूनियर रिसर्च फेलोशिप अवार्ड के लिए तथा यूजीसी नेट में और एमपीसेट में सफलता अर्जित की है।

शान्तनु की सफलता पर सांसद बंटी विवेक साहू ने उन्हें शाबाशी देते हुए उनका सम्मान किया और कहा कि शान्तनु ने यह सफलता हासिल कर छिन्दवाड़ा का नाम रोशन किया है। सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि होनहार बच्चों को और अधिक सुविधा उपलब्ध कराते हुए उनके हुनर को आगे आने का अवसर प्राप्त हो।

इसी उद्देश्य से अब स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को बेसिक शिक्षा के साथ ही उच्च शिक्षा के लिए भी तैयार किया जा रहा है, ताकि वे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ उच्च शिक्षा की भी तैयारी कर पाये। शान्तनु शुक्ला ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरूजनों को खास कर भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संतोष साहू जी को दिया है।



# पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए अंतिम तिथि 12 मार्च

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने जानकारी दी है कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईवाई) का दूसरा चरण वर्तमान में जारी है।

इसके तहत अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। यह योजना 21 से 24 वर्ष की आयु के उन युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है, जो किसी सरकारी कर्मचारी के परिजन नहीं हैं और जिन्होंने अब तक किसी अन्य अप्रेंटिसशिप योजना का लाभ नहीं लिया है ऐसे आवेदक अपना आवेदन कर इस योजना का लाभ उठा सकते है।

चयनित युवाओं को भारत की शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप एवं अनुभवी मेंटर्स का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

# दिव्यांगों के लिए सात-आठ मार्च को आयोजित होगी सुगम्य यात्रा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** दिव्यांगजनों को सार्वजनिक स्थानों, शासकीय कार्यालयों, मॉल और सिनेमाघरों में उनकी सुविधानुसार सुगम्य वातावरण प्रदाय करने के उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक जिले में 7 और 8 मार्च 2025 को जिला कलेक्टर्स के सहयोग से दिव्यांगजन की सुगम्य यात्रा का आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक जिले में चुनिंदा दिव्यांगजन को शासन व्यवस्था के अनुसार वाहन उपलब्ध कराकर सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं आयुक्त नि:शक्तजन सोनाली वायंगणकर ने बताया कि सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को सुगम्य वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में सुगम्य यात्रा निकाली जाएगी।

इसमें दिव्यांगजन को सरकारी भवनों, कलेक्ट्रेट, तहसील, नगर पालिका, नगर निगम सहित अन्य शासकीय कार्यालयों, सिनेमा घरों, आम पर्यटन स्थलों, पुस्तकालयों, बाजारों सहित अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर दिव्यांगजन उपलब्ध साधन सुविधाओं की जमीनी हकीकत को देखेंगे। स्थानों के भ्रमण के बाद दिव्यांगजनों द्वारा दी गई सलाह और सूचनाओं का संकलन किया जायेगा, जिनका उपयोग भारत सरकार द्वारा भविष्य में बनाई जाने वाली शहरी विकास नीतियों, डिजाइनिंग एवं विकासात्मक रणनीतियों में शामिल किया जायेगा।

यह भविष्य में इस वर्ग के लिये अनुकूल वातावरण निर्माण में सहायक होगी। यात्रा के फोटो यस टू एक्सेस ऐप पर अपलोड कर सकेंगे। यात्राओं पर होने वाले व्यय सीआरएस फंड या एजीपी सब स्कीम से करने के अधिकार कलेक्टर्स को दिये गये हैं। इसी तारतम्य में जागरूक करने के उद्देश्य से आज शहर के आईपीएस कॉलेज में भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# बिछुआ में नि:शुल्क दी जाएगी कोचिंग, संस्थान का हुआ शुभारंभ



**बिछुआ, देशबन्धु।** । सोमवार को बिछुआ बस स्टैंड में नि:शुल्क कोचिंग संस्थान की शुरुवात की गई। गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन एवं आदिवासी समाज के कार्यकर्ताओं के सहयोग से नि:शुल्क कोचिंग का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर नगर परिषद बिछुआ के अध्यक्ष रामचंद्र बोबड़े, जनपद अध्यक्ष सतीश भलावी, जनपद सदस्य पाला सरयाम, थाना प्रभारी मोहन मर्सकोले, सी.एम.ओ. आशीष कुमार मेरावी, सी.ई.ओ. सुरेश कुमार इंदौरकर, पार्षद राजकुमार मरावी, डिप्टी रेंजर परसराम उइके, सामाजिक कार्यकर्ता शंकर उइके, धन्नू धुर्वे, रामदास उइके, अनिल धुर्वे, गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन के गगन भलावी, निकलेश उइके, श्रेयांस पंद्रे, आकाश कुमरे, गोविंद बरकड़े, आशीष उइके, अजय कुरचाम, विकास इनवाती, राकेश धुर्वे, दुर्गेश तेकाम, दानसा उइके आदि उपस्थित थे।

# छात्राओं ने कहा, प्लास्टिक से दूरी बनाएं

## राजमाता सिंधिंया कॉलेज की छात्राओं ने सीखा माउल पत्तों से दोना पत्तल बनाना



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजमाता सिंधिया कन्या महाविद्यालय के इको क्लब की छात्राओ ने प्राचार्य डॉ. अस्मिता मुंजे के निर्देशन एवं ईको क्लब प्रभारी डॉ. नीलिमा बागड़े के मार्गदर्शन में ईको क्लब की लगभग 60 छात्राओं ने कार्यशाला में भाग लिया।

एक दिवसीय कार्यशाला जिसका विषय- माऊल पत्तों से प्लेट कटोरी निर्माण के अनर्गत छात्राओं की माऊल के पत्तों से पत्तल और दोने बनाने का प्रशिक्षण लीला बाई एवं लक्ष्मी बाई द्वारा प्रदान किया गया।


छात्राओं ने लगभग पाँच सौ दोने और चार-पाँच सौ दोना पत्तलों का निर्माण किया। इस अवसर पर प्राचार्या ने छात्राओं की पर्यावरण संरक्षण हेतु उठाए गये इस कदम की सराहना की और प्रक्षिक्षण, हरित आदत को अपनाने हेतु प्रेरित किया।

डॉ. नीलिमा बागड़े ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि भारतीय परिवारों में होने वाले धार्मिक, सामाजिक आयोजन में पंगत में बैठ कर पत्तल और दोने में भोजन परोसा जाता था, जो एक वैज्ञानिक और औषधीय गुणों से भरपूर भोजन ग्रहण होता था। इसलिए वर्तमान में हमें एकल उपयोग प्लास्टिक बने के बदलने, पत्तों से बने प्लेट व कटोरी का उपयोग करना चाहिए। ताकि हम पर्यावरण के संरक्षण में अपना योगदान दे। छात्राओं ने इन पत्तल और दोनों को विक्रय कर रोजगारोन्मुखी पहल को रेखांकित किया और सभी से पर्यावरण संरक्षण की अपील की।

कार्यक्रम में मंच संचालन हर्षा कटारे ने किया और हरिश्चर भारती, कमला टोप्पो व बलराम डेहरिया ने सहयोग प्रदान किया। साथ ही समस्त शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टॉप ने दोना पत्तल खरीद का उनका उत्साह वर्धन किया।

यह एक छात्राओं द्वारा की गई अभिनव पहल थी। जिसे साकार कर कार्य रूप में परिणित किया । इस अवसर पर छात्राओं ने हरित प्रतिज्ञा ली।

# हर्रई के पापड़ा जलाशय में जिन किसानों के खेत डूबे उन्हें नहीं मिला पानी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा अनु विभाग अंतर्गत हर्रई क्षेत्र के पापड़ा जलाशय को लेकर एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पापड़ा जलाशय के निर्माण में जिन किसानों के खेत डूबे हैं उन्हें इस जलाशय का कोई भी लाभ नहीं मिल रहा है। बजाय इसके वह मजदूरी करके गुजर बसर कर रहे हैं। सन 2012-13 में बने लगभग 40.764 हेक्टेयर क्षेत्रफल के जलाशय में 40 से अधिक किसानों की जमीन डूबी है। जिसमें साठिया की 28.50 हेक्टेयर और पापड़ा की 26.253 हेक्टेयर जमीन डूबी है। दो-चार किसानों को छोड़कर बाकी सब किसान मजदूरी करते हुए अपने और अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। नियम के मुताबिक जलाशय निर्माण का लाभ भी समिति बनाकर उन ग्रामीणों को प्राथमिकता दी जाती है। जिनकी खेती डूब प्रभावित क्षेत्र से प्रभावित हुई है। ऐसे में प्रशासन का प्रमुख उत्तरदायित्व बन जाता है कि जिन किसानों की खेती निर्माण के दौरान डूबी है। उन्हें बाकायदा इस जलाशय का लाभ मिले ऐसे प्रयोजन भी प्रशासन द्वारा किए जाने चाहिए।

## 'दूसरे ग्रामीणों के हस्तक्षेप से आ रही समस्या'

इस मामले में बताया जा रहा है कि एक समिति जो कि वर्तमान में जलाशय का लाभ ले रही है। वह राजढाना गांगुटोला से है। इसमें महज पापड़ा निवासी तीन से चार ऐसे किसानों को समिति में जोड़ लिया गया है। जिनकी खेती जलाशय निर्माण में डूबी है। बाकी सब ऐसे ग्रामीण है, जिनका जलाशय निर्माण से कोई वास्ता नहीं है। वहीं दूसरी तरफ अपनी डूबी खेती से परेशान और जलाशय का लाभ लेने भटक रहे 30 से 35 ऐसे ग्रामीण है। जिन्हें लगभग 15 सालों के बाद भी इस जलाशय का लाभ नहीं मिला बजाय इसके उन्होंने अपनी खेती उस जलाशय निर्माण में डुबो दी।

# दो करोड़ 53 लाख की लागत होने वाले निर्माण कार्य का भूमिपूजन

## उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं पाइप लाइन का होगा निर्माण

**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत जुन्नारदेव के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पालाचौरई के गुढ़ी मे आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान जिले के सांसद विवेक बंटी साहू के द्वारा लगभग 2 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत से होने वाले कार्यों का भूमि पूजन किया गया।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत पालाचौरई क्षेत्र में पेयजल की भीषण समस्या एवं स्वास्थ्य संबंधित समस्या के समाधान को लेकर जिले के सांसद विवेक बंटी साहू के द्वारा जल आवर्धन योजना के अतंर्गत एक करोड़ 88 लाख रुपए से पंचायत क्षेत्र में किए जाने वाले पाइपलाइन विस्तार कार्य एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग जिला छिदवाड़ा के अंतर्गत 65 लाख रुपए की लगत से निर्माण किए जाने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र एवं (सीएचओ भवन) का भूमि पूजन किया गया।

सोमवार की दोपहर 12:00 बजे सांसद विवेक बंटी साहू गुढ़ी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे एवं सर्व प्रथम दीप प्रज्वलित कर भारत माता के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए इस पूजन के दौरान साथ मे नगर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, पूर्व विधायक नथनशाह कवरेती, भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष गौरव सिंह, सरपंच मुकेश उईके, वरिष्ठ भाजपा नेता शिवकुमार राय साथ में रहे।



कार्यक्रम के दौरान जिले के सांसद विवेक बंटी साहू ने अपने उद्बोधन में केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धि बताई एवं सरकार की जनहितैषी एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं कहां की भाजपा की सरकार अंतिम छोर में बैठे हुए हर गरीब तबके के ग्रामीणों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। मंच का संचालन गौरव सिंह के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जुन्नारदेव जनपद अध्यक्ष सविता बोसम, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोड़े, जनपद पंचायत सीईओ रश्मि चौहान, योगेश साहू, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष नवजीत मोनू जैन, पार्षद संजय जैन, राजेश श्रीवास्तव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष गरिमा प्रतीक दामोदर, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष स्मृति यादव, भाजपा जिला मंत्री कांता आम्रवंशी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, अमरदीप राय के अलावा जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कर्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में सोमवार को अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे द्वारा कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली गई।

बैठक में एस.डी.एम. छिंदवाड़ा सुधीर जैन, संयुक्त कलेक्टर अंकिता त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर आर.के. मेहरा, उप संचालक सामाजिक न्याय पी. राजौदिया, नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय व पी.ओ. डूडा सुश्री साक्षी बाजपेई सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी एवं जिला मुख्यालय के अधिकारी कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित थे, जबकि अन्य सभी एस.डी.एम., सी.ई.ओ. जनपद पंचायत, सी.एम.ओ. सहित सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

**राजस्व वसूली पर जोर–** अपर कलेक्टर श्री बोपचे ने कहा कि वित्तीय वर्ष का यह अंतिम महीना है। सभी राजस्व अधिकारी राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान दें। अतिरिक्त प्रयास करते हुए लक्ष्य के अनुरूप संतुष्टिपूर्ण वसूली पूरी कराएं। उन्होंने शहरी तहसीलदार को विशेष रूप से इस पर ध्यान देने के निर्देश दिए।

**सीएम हेल्पलाइन–** बैठक में सी.एम. हेल्पलाइन के संतुष्टिपूर्ण निराकरण और ए ग्रेड में रहने पर जोर दिया गया। ए.डी.एम. श्री बोपचे ने सभी अधिकारियों को शुरुआत से ही सी एम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण पर ध्यान देने और इस माह जिले की रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए हैं।

**लाइफ बैलेंसिंग वर्कशॉप–** अपर कलेक्टर ने बताया कि बुधवार 05 मार्च को स्थानीय सतपुड़ा क्लब में आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान के माध्यम से शासकीय सेवकों के लिए लाइफ बैलेंसिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह कार्यशाला प्रात: 6 बजे से आयोजित की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह भी इसमें शामिल होंगे। उन्होंने सभी इच्छुक अधिकारियों, कर्मचारियों से इस कार्यशाला में उपस्थित रहने के लिए कहा है।

### रॉयल्टी और बिजली बिल जमा करने के निर्देश

वित्तीय वर्ष समाप्ति के दृष्टिगत अपर कलेक्टर ने नगर निगम, सभी नगर पालिका, राष्ट्रीय राज मार्ग, सड़क विकास निगम, विद्युत मंडल, पी.डब्लू.डी., पी.एच.ई., जल संसाधन, हाउसिंग बोर्ड, पुलिस हाउसिंग बोर्ड, जल निगम, वेयर हाउस सहित सभी निर्माण विभागों से खनिज रॉयल्टी जमा कर उसकी जानकारी जिला खनिज अधिकारी को प्रदाय करने के निर्देश दिए हैं।

इसी तरह सभी विभागों को लंबित बिजली बिलों का भुगतान यथाशीघ्र करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी नगरीय निकायों को भी जल संसाधन विभाग द्वारा प्रदाय पानी की राशि भी देने के लिए निर्देशित किया है ताकि वित्तीय वर्ष में ही सभी देनदारियां पूरी हो जाऐं, अगले वित्तीय वर्ष के लिए कुछ भी बाकी न रहे।



## उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग ने डेयरी फार्म का किया निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग छिन्दवाड़ा डॉ.एच.जी.एस. पक्षवार एवं उनके सहयोगी डॉ. लोकेश बेलवंशी, एस.एल. कोरी व हेमंत ठाकुर द्वारा गत दिवस रामदयाल पवार निवासी वार्ड नंबर- 03 वीर सावरकर वार्ड छिन्दवाड़ा के डेयरी फॅर्म का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान डेयरी फर्म में कुल 45 छोटे एवं बड़े पशु पाये गये जिनमें 35 नग दूध देने वाले एवं बाकी छोटे पशु हैं। इनसे प्रतिदिन लगभग 250 लीटर दुग्ध का उत्पादन होता है । इस प्रकार रामदयाल पवार को 70 हजार रुपये की शुद्ध बचत होती है। श्री पवार ने पिछले वर्ष 5 लाख रूपये के पशु केसीसी लिये थे जो उनके द्वारा चुका दिए गए है।

## छेड़छाड़ का आरोपी शिक्षक निलम्बित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल ने बताया कि शासकीय हाई स्कूल डुड्डेवानी, संकुल नांदनवाड़ी, विकासखंड पांढुर्णा में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक रामसिंह धुर्वे के विरुद्ध छात्रा के साथ छेड़छाड़ के गंभीर आरोपों के तहत पुलिस थाना मोहगांव, जिला पांढुर्णा में अपराध क्रमांक 19/2025 के अंतर्गत भा.दं.सं. की धारा 354, 354 (क), 509, 294 तथा पाक्सो अधिनियम, 2012 की धारा 7, 8, 9, 10 के तहत मामला पंजीबद्ध कर गिरफ्तारी की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इस प्रकरण में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, जबलपुर संभाग द्वारा श्री धुर्वे को तत्काल प्रभाव से शासकीय सेवा से निलंबित कर उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सौंसर नियत किया गया है।

### एक अन्य शिक्षक की दो वेतन वृद्धि रोकी

इसके अतिरिक्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सौंसर द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला वाघोड़ा के निरीक्षण में कक्षा दूसरी के छात्र को आवश्यक शैक्षणिक ज्ञान न होने पर सहायक शिक्षक विठ्ठल आकोटकर से स्पष्टीकरण मांगा गया था, जो असंतोषजनक पाया गया।

जांच में उनकी शैक्षणिक लापरवाही तथा झूठी जानकारी देने की पुष्टि होने पर उन्हें दंडस्वरूप आगामी दो वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई हैं साथ ही अन्य शिक्षाकर्मियों को समय पर स्कूल पहुंचने हिदायत दी है।

### सार समाचार

## परिवहन विभाग ने 26 वाहनों पर चालान कर 87,282 रुपए की जुर्माना राशि वसूल की

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह छिंदवाड़ा के आदेशों के परिपालन में कल 03 मार्च 2025 को विशेष जांच दल, परिवहन विभाग, छिंदवाड़ा द्वारा छिंदवाड़ा–नागपुर मार्ग पर छोटे–बड़े सभी वाहनों की बारीकी से जाँच की गई। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई जिसमें वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। इस प्रकार मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करते पाये जाने एवं जिन वाहनों के दस्तावेजों में कमियां पाई गई ऐसे 26 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर रूपये 87,282/– जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही वाहन संचालकों को समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

## सांसद विवेक साहू ने बूथ अध्यक्ष के घर पहुँचकर किए श्रद्धा सुमन अर्पित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने सोमवार को जुन्नारदेव प्रवास के दौरान ग्राम पुरैना खालसा में बूथ अध्यक्ष स्वर्गीय रमेश भन्नारे के निवास स्थान पहुँचकर उन्हे श्रृध्दा सुमन अर्पित किए।

उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू को पता चला था कि विगत दिनों रमेश भन्नारे का निधन हो गया हैं। उनके घर तक पहुंचने के लिए कच्चा एवं छोटा रास्ता था। इस दौरान एक कार्यकर्ता की बाईक में वे सवार हुए और स्वर्गीय रमेश भन्नारे के घर पहुंच गये, जहां उन्होने स्वर्गीय रमेश भन्नारे के छाया चित्र पर माल्यार्पण अर्पित करते हुए भगवान से प्रार्थना की कि वे स्वर्गीय भन्नारे की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देते हुए उन्हें मोक्ष प्रदान करें। इस दौरान भन्नारे परिवार के सदस्यगण एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रिजवान कुरैशी व अन्य नागरिक उपस्थित थें।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह/ कल्याणी एवं दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत अमरवाड़ा में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत अमरवाड़ा व नगरपालिका अमरवाड़ा के अंतर्गत मुख्यमंत्री कन्या विवाह / निकाह कल्याणी एवं दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन आज 4 मार्च 2025 मंगलवार को अनाज मण्डी प्रागंण अमरवाड़ा में प्रात: 9 बजे से सांसद छिन्दवाड़ा/पांढुर्णा विवेक बंटी साहू के मुख्य आतिथ्य एवं अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार, जनपद पंचायत अध्यक्ष अमरवाड़ा गणेश कंगाली, नगरपालिका अध्यक्ष अमरवाड़ा प्रीति नितिन तिवारी, जिला पंचायत सदस्य लेखवती जंघेला व चम्पालाल कुर्चे, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अमरवाड़ा उर्मिला मसराम, नगरपालिका उपाध्यक्ष अमरवाड़ा प्रकाश ठाकुर तथा शेषराव यादव, टीकाराम चन्द्रवंशी, उत्तम सिंह ठाकुर, दीपक नेमा, नितिन तिवारी, योगेश यादव, विनोद चन्द्रवंशी, सचिन नेमा, सोनू सरसवार, शैलेन्द्र पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगा।

## दसवीं के अंग्रेजी विषय के प्रश्नपत्र की परीक्षा सम्पन्न

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा सत्र 2024–25 के अंतर्गत 25 फरवरी 2025 से हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा 27 फरवरी से छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में स्थापित 162 परीक्षा केंद्रों पर प्रारम्भ हो चुकी है।

जिसकी सतत् मॉनीटरिंग कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार द्वारा की जा रही है। सोमवार को कक्षा 10वीं के अंग्रेजी विषय के प्रश्नपत्र की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें कक्षा 10वीं में 27359 दर्ज विद्यार्थियों में से 26561 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 798 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 15 दिव्यांग विद्यार्थी शामिल हुये, जिसमें से 11 विद्यार्थियों के लिये राईटर की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

## राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने पण्डोखर सरकार को छिन्दवाड़ा आने का दिया आमंत्रण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा राष्ट्रीय हिन्दू सेना जिलाध्यक्ष यमन साहू ने बताया है कि पण्डोखर सरकार का 7 दिवसीय त्रिकालदर्शी दिव्य दरबार लगाने के संदर्भ में रायपुर छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय हिन्दू सेना के छिंदवाड़ा जिलाध्यक्ष यमन साहू ने पंडोखर सरकार के शिष्य वरिष्ठ पत्रकार संजय भारद्वाज सहित एक प्रतिनिधि मंडल ने पण्डोखर सरकार गुरूशरण महाराज से मुलाकात की। छिंदवाड़ा में 7 दिवसीय त्रिकालदर्शी दिव्या दरबार की तिथि शीघ्र घोषणा राष्ट्रीय हिन्दू सेना के जिला अध्यक्ष यमन साहू आगामी दिनों में करेंगे इस दौरान उनके साथ सोनू साहू, कुलविंदर सिंह, मयंक सोनी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत गायन के बाद प्रारंभ हुई कार्यालयीन गतिविधियां



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कल सोमवार 3 मार्च को माह के प्रथम कार्यदिवस पर राष्ट्र–गान एवं राष्ट्र–गीत गायन के बाद कार्यालयीन गतिविधियां प्रारंभ हुई। कलेक्टर कार्यालय के प्रांगण में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में संयुक्त कलेक्टर अंकिता त्रिपाठी और डिप्टी कलेक्टर आर.के. मेहरा के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्र–गान जन गण मन एवं राष्ट्र–गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया। शासकीय कलापथक दल के प्रमुख कलाकार नरेन्द्र पाल द्वारा अन्य कलाकारों के साथ राष्ट्र–गान एवं राष्ट्र–गीत का संगीत के साथ गायन कराया गया।

## बड़ी माता मंदिर में चैत्र नवरात्र उत्सव की बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मां के भक्ति की शक्ति आराधना का महापर्व दुर्गा उत्सव आगामी हिंदुत्व नववर्ष से चैत्र नवरात्र महापर्व आरंभ हो जाएंगे। नवरात्र की संपूर्ण तैयारियों को लेकर नगर शक्ति पीठ श्री बड़ी माता मंदिर में 2 मार्च रविवार रात्रि में विशेष बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों, सेवादारों, भक्तगणों की उपस्थिति में चैत्र नवरात्र की समीक्षा की गई, जिसमें नवरात्र पर्व में जो भी भक्तगण मनोकामना घी, तेल, कलश स्थापना, बुकिंग पंजीयन, कार्य चालू हो चुका है।

मंदिर के समीप स्थित कार्यालय सेवादार से संपर्क कर नवरात्र प्रथम दिवस संध्या तक रसीद पंजीकृत कर सकते हैं। हिन्दू नववर्ष 30 मार्च से चैत्र नवरात्र आकर्षक लाइटिंग, भव्य साज सज्जा, विधि विधान पूर्वक प्रात: काल पूजन पाठ, कलश घट स्थापना, संध्या कालीन आरती के प्रथम दिवस की आरती के साथ प्रतिदिन के कार्यक्रम आरंभ हो जाएंगे। जिसमें विशेष 2 अप्रैल को पंचमी महाआरती भक्तों के द्वारा सामूहिक रूप से की जाएगी। अष्टमी हवन पूजन 5 अप्रैल को किया जाएगा। नवमी कन्या पूजन 6 अप्रैल को किया जाएगा। साथ ही दोपहर 3 बजे से कलश विसर्जन पूजन पाठ के साथ नवरात्र के भक्ति पूर्ण वातावरण में कार्यक्रम संपन्न होंगे।




इस विशेष बैठक में मंदिर ट्रस्ट सदस्य उपस्थित थे। जिसमें अध्यक्ष संतोष सोनी, सचिव राजू चरणागर, कोषाध्यक्ष अखिलेश भारद्वाज, संरक्षक मंडल में श्याम बाबा विश्वकर्मा, राम राय, अनिल सोनी, भोला सोनी, अन्नू सोनी, पप्पू सोनी, सौरभ सेंगर, मयंक चौरसिया, बब्लू विश्वकर्मा, आशु चौरसिया, गौरव सोनी, पुनीत पंद्रे, जानू चौरसिया, नयन चौरसिया सहित युवा भक्तगण उपस्थित रहे।

### 'मंदिर नवनिर्माण–विशेष मुख्य बिन्दुओं में चर्चा की गई'

इस विशेष बैठक में मंदिर नवनिर्माण संबंधी मुख्य विचारों में चर्चा की गई जिसमें वार्षिक सहयोगी सदस्य जो कि वर्ष शारदीय नवरात्र में राशि देते थे। वह इस वर्ष चैत्र नवरात्र में ही अपनी वार्षिक राशि दे सकते हैं। साथ ही अभी कुछ दिन पूर्व जो प्राचीन गर्भगृह से चांदी निकली गई है। वह चांदी को 6 मार्च के पूर्व बाज़ार से 10 हज़ार किलो से अधिक मूल्य दे कर अपने घरों में प्रसाद स्वरूप रख सकते हैं। साथ ही मंदिर नवनिर्माण के प्रति अभी मंदिर के समीप स्थाई कार्यालय बनाया जा रहा है। जिसमें आप मंदिर नवनिर्माण तक वार्षिक नवनिर्माण राशि सहयोग कर सकते है। आप समस्त भक्तगण को मंदिर ट्रस्ट के समस्त कार्यक्रमों में सादर आमंत्रित करता है। आपके जन सहयोग भावना की अपेक्षा मंदिर ट्रस्ट को नवनिर्माण की नींव को मजबूती प्रदान करने सर्वता रहेगी।

## भारतीय संविधान प्रचारिणी सभा ने मनाई विश्व श्रेष्ठ हीरक जयंती

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** परासिया मे भारतीय संविधान प्रचारिणी सभा के तत्वाधान में संगीतालय भवन परासिया में विश्व श्रेष्ठ हीरक जयंती मनाई गई। हीरक जयंती समारोह में भारतीय संविधान प्रचारिणी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट धनीराम बंजारे(छत्तीसगढ़) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के शुरुआत में राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा भगवान बुद्ध एवं बाबा साहब अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट धनीराम बंजारे एवं डॉ. बी.एल. डेहरिया, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. शशि अतुलकर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. निलेश मेश्राम एवं मनोज डेहरिया और अतिथि के रूप में सुरेश डेहरिया, भीम डेहरिया (सिवनी) उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में मंच संचालन राजकुमार सूर्यवंशी और राजेंद्र साहू द्वारा किया गया सभी उपस्थित वक्ताओं ने भारत के संविधान एवं बाबा साहब अंबेडकर जीवनी एवं उनके संघर्षों बारे में जानकारी बताई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरि सिंह डेहरिया पहलाद डेहरिया लखन डेहरिया आदि



## पूर्व मुख्यमंत्री से मिले सैकड़ों ग्राम पंचायतों के चौकीदार एवं निकाले गए आउटसोर्स कर्मचारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से सैकड़ों ग्राम पंचायतों के चौकीदार, पंप आपरेटर एवं स्वास्थ्य विभाग के निकाले गए टेलीमेडिसिन कर्मचारियों ने मुलाकात की। उन्हें नौकरी में आ रही परेशानियां बताई और ज्ञापन दिए। पिछले दिनों कमलनाथ ने इन कर्मचारियों की मांगों के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा था, पूर्व मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत चौकीदारों एवं टेलीमेडिसन कर्मियों को भरोसा दिया कि विधानसभा के बजट सत्र में आपके सवालों को उठाएंगे।



निर्धारित न्यूनतम वेतन से कम पर काम कराना गलत है, इसीलिए जितने भी अस्थाई कर्मचारी सरकार का काम कर रहे हैं, उन सभी को तय न्यूनतम वेतन मिलना ही चाहिए, यह कानून भी और नियम भी। नौकरी से हटाए गए स्वास्थ्य विभाग के टेलीमेडिसिनों की बात सुनने के बाद उन्होंने कहा कि सरकार का काम नौकरी देना होना चाहिए न कि नौकरी से निकालकर बेरोजगार करनाए आप लोगों के साथ जो भी हुआ है, वह गलत है। ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स, अस्थाई कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से मिले सैकड़ों अस्थाई कर्मचारियों ने उन्हें न्यूनतम वेतन में हुई देरी के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी, इस बारे में भी वे मुख्यमंत्री को पत्र लिख चुके थे, उसके बाद ही श्रम विभाग ने आदेश जारी किया है, इसके लिए कर्मचारियों ने कमलनाथ का शाल पहनाकर आभार जताया और 9 मार्च को भोपाल में ग्राम पंचायत चौकीदारों, स्कूलों छात्रावासों के अंशकालीन, अस्थाई कर्मचारियों तथा सभी विभागों के आउटसोर्स कर्मचारियों की ओर से किए जाने वाले प्रदर्शन की भी जानकारी दी। पंचायत चौकीदार संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजभान रावत के मार्गदर्शन में कमलनाथ से मिलने वालों में छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष राजू कुड़ापे, पाण्ढुर्ना जिला अध्यक्ष कृष्णा मांजरीवार, सिवनी के पप्पू पंद्रे, बालाघाट के बद्री प्रसाद दहाड़े, सुंदर लिल्हारे, बैतूल के रामजी पवार, महेंद्र देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत कर्मचारी शामिल रहे।

### 9 मार्च भाजपा मुख्यालय पर प्रदर्शन, 10 मार्च को डीपीआई विकास भवन एवं एनएचएम पर धरना देंगे

प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा की उपस्थिति में बैठक हुई जिसमें 9 मार्च को भोपाल में भाजपा मुख्यालय पर होने वाले प्रदर्शन एवं 10 मार्च को डीपीआई विकास भवन तथा एनएचएम कार्यालयों पर होने वाले धरनो की तैयारियों पर चर्चा कर प्रदेश के लाखों पीड़ित प्रताड़ित कर्मचारियों तक अभियान की मांगे पहुंचाने एवं नौकरी में सुरक्षा एवं न्यूनतम वेतन के सवाल पर विधानसभा के बजट सत्र के दौरान होने वाले प्रदर्शन में उन्हें शामिल करने का रणनीति बनाई गई। श्री शर्मा ने कहा कि चपरासी क्या बिगाड़ लेंगे वाली मानसिकता से सरकार काम कर रही है इसीलिए ग्राम पंचायतों के चौकीदार, पंप आपरेटर, स्कूलों छात्रावासों के अंशकालीन, अस्थाई कर्मचारियों सहित लाखों कर्मचारी न्यूनतम वेतन के दायरे से वाहर है, जिनके बारे में न श्रम विभाग कुछ सोचता है और न ही सरकार कोई फैसला लेती है।

कर्मचारी मोर्चा के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने कहा कि प्रदेश में सबसे अधिक अन्याय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के साथ ही हो रहा है, 20 साल से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियमित भर्ती नहीं हुई है, चतुर्थ श्रेणी की नौकरिययां अस्थाई आउटसोर्स कर दी हैं, सरकार की सबसे बड़ी असफलता यही है कि प्रदेश में 20 साल से चपरासी, ड्राईवर, माली, रसोईया, सुरक्षाकर्मी जैसी नौकरी नहीं दी गई है।

जबकि सरकारी विभागों में सबसे अधिक नौकरियां चतुर्थ एवं तृतीय श्रेणी की ही होती हैं जिसे गरीब, श्रमिक एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के लोगों को नौकरी करते हैं। शर्मा ने कहा कि यदि तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर कार्यरत अस्थाई आउटसोर्स कर्मचारियों का लघु कैडर बनाकर विभाग में संविलियन नहीं किया गया तब ऐसे सभी सरकारी कार्यालयों पर धरने प्रदर्शन किए जाएंगे, जहां उच्चाधिकारी बैठतें हैं, मंत्रियों का आना–जाना लगा रहता है, विधानसभा के बजट सत्र के दौरान होने वाला प्रदर्शन नौकरियों में चल रहा अन्याय समाप्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।